अ.शा. पत्र सं. 12016/32/2025-रा.भा.(का.2)

डॉ० मीनाक्षी जौली
संयुक्त सचिव
DR. MEENAKSHI JOLLY
JOINT SECRETARY
Telefax : 23438130
E-mail : jsol@nic.in

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
राजभाषा विभाग
DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE
चतुर्थ तल, एन.डी.सी.सी.-II भवन,
4th FLOOR, N.D.C.C.-II BHAWAN,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
JAI SINGH ROAD, NEW DELHI-110001

दिनांक- 24 जनवरी, 2025

महोदया/महोदय,

गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग संघ के सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने और समस्त सांविधिक एवं कानूनी उपबंधों का पालन सुनिश्चित करने की दृष्टि से, अनेक महत्वपूर्ण उत्तरदायित्वों का निर्वहन करता है। इन्हीं उत्तरदायित्वों की एक कड़ी के रूप में विभाग द्वारा **पूर्व एवं पूर्वोत्तर क्षेत्रों** का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन **05 मार्च 2025** को गुवाहाटी (असम) में किया जा रहा है।

2. इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन में मंचासीन अतिथियों द्वारा उपरोक्त क्षेत्रों के वर्ष 2023-24 के क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे। इस सम्मेलन में **पूर्व एवं पूर्वोत्तर क्षेत्रों** के केन्द्र सरकार के कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों एवं नराकासों आदि के अधिकारीगण भाग लेंगे।

3. वर्तमान में पूरे देश में कुल 537 नराकास कार्यरत हैं, जिनमें से उपरोक्त दोनों क्षेत्रों में कुल 94 नराकास गठित हैं। **पूर्व एवं पूर्वोत्तर क्षेत्रों** में गठित नराकासों के अध्यक्षों से अनुरोध है कि उक्त सम्मेलन में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करें। यह भी अपेक्षित है कि अधीनस्थ नराकासों के प्रत्येक सदस्य कार्यालयों से न्यूनतम 04 अधिकारियों/ कर्मचारियों की सहभागिता भी सुनिश्चित करवाई जाए। सम्मेलन में शामिल होने के लिए विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.gov.in पर जाकर पंजीकरण कराना होगा।

सादर,

शुभेच्छु,

मीनाक्षी जौली

(मीनाक्षी जौली)

प्रति- संबंधित क्षेत्रों के नराकासों के अध्यक्ष ।